हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 20 जून 2026

तापमान
अधिकतम 40.2°C
न्यूनतम 25.8°C

**बिजली कट**

- बख्तावर क्रिकेट क्लब व डीघल स्टार्स के बीच मैच सुबह 8 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- सुभाष नगर स्थित श्रीसनातन धर्म हनुमान मंदिर में भागवत कथा शाम 4 बजे

## डेयरी मोहल्ले में संदिग्ध हालात में दंपति की मौत

# वर्षों की दूरियां खत्म करने आई थी पत्नी, दोनों मृत मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डेयरी मोहल्ला में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान करीब 55 वर्षीय राजीव और उनकी पत्नी करीब 50 वर्षीय शालिनी के रूप में हुई है। दंपती के दो बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले छह-सात वर्षों से दोनों अलग-अलग रह रहे थे। शालिनी बच्चों के साथ दिल्ली में रहती थीं, जबकि राजीव डेयरी मोहल्ला स्थित अपने घर में अकेले रह रहे थे।

### लंबे समय से चल रहा था विवाद

स्थानीय लोगों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच कई वर्षों से मतभेद चले आ रहे थे। इसी कारण दोनों अलग रह रहे थे। गुरुवार को शालिनी किसी काम से रोहतक आई थीं और राजीव के घर पहुंची थीं। पड़ोसियों का कहना है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। कुछ समय बाद घर के अंदर अनहोनी की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई।



### इलाके में अकेले रह रहा था राजीव

पड़ोसियों ने बताया कि राजीव लंबे समय से अकेले जीवन व्यतीत कर रहा था। पहले वह अपना व्यवसाय करता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से उसकी दुकान बंद थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह सामाजिक गतिविधियों से भी काफी हद तक दूर हो गया था। वहीं, उसकी पत्नी बच्चों के साथ दिल्ली में रह रही थी और समय-समय पर ही रोहतक आती थी।

### पुलिस जुटी हर पहलू की जांच में

इस बारे में पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस का कहना है कि सूचना मिलने के बाद टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की गई। घटनास्थल से मिले तथ्यों और परिजनों के बयानों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी। फिलहाल पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

### घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल

घटना की खबर फैलते ही डेयरी मोहल्ला में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि परिवार पहले सामान्य जीवन जी रहा था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में परिस्थितियां बदल गई थीं। एक ही परिवार के दो सदस्यों की एक साथ मौत से क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू कंप्यूटर अवेयरनेस लेवल-3 की परीक्षा 25 को

**रोहतक।** एमडीयू रोहतक ने यूजी कार्यक्रमों (कॉमन फॉर ऑल स्ट्रीम्स) के लिए कंप्यूटर अवेयरनेस (लेवल-III) छठे सेमेस्टर (नियमित/री-अपीयर) परीक्षा जून-2026 की थ्योरी डेटशीट जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि कंप्यूटर अवेयरनेस (लेवल-III) वेब डिजाइनिंग विषय (पेपर आईडी-62536) की परीक्षा 25 जून 2026 को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि उक्त परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र संबंधित यूजी पाठ्यक्रम के प्रवेश पत्र में अंकित केंद्र ही रहेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी छात्र को मोबाइल फोन अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### कार रुकवा युवक को पीटा 3 हजार रुपये भी निकाले

**रोहतक।** सड़क पर रास्ता देने को लेकर हुआ मामूली विवाद एक युवक के लिए भारी पड़ गया। आरोप है कि कार से घर लौट रहे युवक का रास्ता रोककर तीन युवकों ने उसके साथ मारपीट की और इसी दौरान कार के डैशबोर्ड में रखी नकदी भी निकाल ली। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर निवासी पीयूष खुराना ने बताया कि 14 जून को शाम करीब 4:15 बजे वह अपनी कार से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में निलेश और उसके दो अन्य साथियों ने अपनी गाड़ी लगाकर उसका रास्ता रोक लिया। पीयूष के अनुसार जब उसने आरोपियों से वाहन हटाने और रास्ता देने के लिए कहा तो वे भड़क गए। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान निलेश ने उसकी कार के डैशबोर्ड में रखे 3 हजार रुपये निकाल लिए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने निलेश और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट, रास्ता रोकने और नकदी चोरी करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# डी-पार्क में फिर उठीं लपटें, इस बार डेंटल क्लीनिक की छत पर फटा एसी

## फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू, दस दिन पहले हुए अग्निकांड के जख्म हुए हरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डी-पार्क मार्केट में शुक्रवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लोगों ने एक बार फिर आसमान की ओर उठता धुआं देखा। 10 दिन पहले हुए भीषण अग्निकांड की भयावह यादें अभी ताजा ही थीं कि मार्केट में फिर आग लगने की सूचना फैल गई। इस बार आग मॉडल टाउन स्थित एक डेंटल क्लीनिक की छत पर लगे एसी के कंप्रेसर में ब्लास्ट होने से लगी। राहत की बात यह रही कि समय रहते फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया और बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार मॉडल टाउन निवासी डॉ. सागर का डी-पार्क मार्केट में डेंटल क्लीनिक है। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे क्लीनिक की छत पर लगे एसी के कंप्रेसर में अचानक धमाका हुआ, जिसके बाद आग भड़क उठी। उस समय क्लीनिक में डॉ. समीर मौजूद थे। छत से धुआं निकलता देख आसपास के दुकानदारों और लोगों ने उन्हें तुरंत सूचना दी, जिसके बाद वह सुरक्षित बाहर निकल आए।





### पहले से ही मौजूद थी फायर ब्रिगेड की टीम

घटना के समय संयोगवश फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी पहले से ही डी-पार्क मार्केट में मौजूद थी। दरअसल, 9 जून को आग की चपेट में आए रोहतक शूज शोरूम के जले हुए हिस्से से शुक्रवार को फिर धुआं और आग सुलगने की सूचना मिली थी। इसी कारण दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे हुए थे। डेंटल क्लीनिक में आग लगने की सूचना मिलते ही टीम तुरंत हरकत में आई और कुछ ही देर में आग पर नियंत्रण पा लिया। एहतियात के तौर पर दो अन्य दमकल वाहनों को भी मौके पर बुलाया गया।

### पीवीसी बोर्ड तक आग पहुंचती तो बढ़ सकता था खतरा

क्लीनिक के बाहर लगा बड़ा पीवीसी बोर्ड आग के फैलाव का कारण बन सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग बोर्ड तक पहुंच जाती तो आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। 9 जून के अग्निकांड में भी पीवीसी बोर्ड और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया था। व्यापारियों ने एक बार फिर मार्केट की संकरी गलियों और फायर सेफ्टी इंतजामों को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि किसी बड़े हादसे की स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना चुनौती बन सकता है।

### 9 जून को हुए भीषण अग्निकांड में जिंदा जल गए थे तीन लोग

गौरतलब है कि 9 जून को डी-पार्क मार्केट स्थित रोहतक शूज शोरूम में भीषण आग लग गई थी। शुरुआती जांच में आग का कारण एसी से जुड़ा शॉर्ट सर्किट या कंप्रेसर में खराबी माना गया था। आग ने कुछ ही देर में आसपास की करीब 10 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया था। हादसा इतना भयावह था कि शोरूम मालिक समेत तीन लोग अंदर फंस गए और उनकी मौत हो गई। आग बुझाने के लिए रोहतक के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ी थीं। एसडीआरएफ और अन्य बचाव दलों ने कई घंटों तक रेस्क्यू अभियान चलाया था। इस हादसे में करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ था। शुक्रवार की घटना में भले ही कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन डी-पार्क मार्केट में उठे धुएं ने एक बार फिर लोगों को 9 जून की दर्दनाक त्रासदी की याद दिला दी।



## इधर... सांपला में कपड़ों के शोरूम में लगी आग

**सांपला।** सांपला के मुख्य बाजार में शुक्रवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कपड़ों के शोरूम से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दो मंजिला शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में शोरूम के अंदर रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया।

जानकारी के अनुसार शोरूम संचालक सुमित पुत्र सुरेंद्र दुकान बंद करने के बाद किसी परिचित को लेने के लिए एयरपोर्ट जा रहे थे। इसी दौरान आसपास के दुकानदारों ने शोरूम के अंदर से धुआं निकलते देखा। उन्होंने तुरंत शोरूम मालिक को सूचना दी और दमकल विभाग को भी घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। बाजार क्षेत्र संकरा होने तथा शोरूम में बड़ी मात्रा में कपड़ा रखा होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। दमकल कर्मियों ने पहले भूतल पर लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटें ऊपरी मंजिल तक पहुंच चुकी थीं। आग की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त दमकल वाहन भी मौके पर बुलाए गए। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका। राहत की बात यह रही कि आग आसपास की दुकानों तक नहीं पहुंची, अन्यथा बाजार में बड़ा नुकसान हो सकता था।

### बंद था शोरूम

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के समय शोरूम बंद था और अंदर कोई मौजूद नहीं था। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन और दमकल विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जुट गई और देर रात तक राहत एवं बचाव कार्य जारी रहा।

# मालिक बन भेजा मैसेज, ट्रांसफर करवाए 17 लाख

## गैंग के 12 सदस्य गिरफ्तार, दो लोग नागपुर और 10 देहरादून से पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मैं मीटिंग में हूं, तुरंत 17 लाख रुपये की जरूरत है, पैसे इस खाते में भेज दो...। 9 जून को व्हाट्सएप पर आए इस मैसेज को देख श्रीविष्णु प्रिया फाइनेंशियल यूजिंग फर्म मैनेजर को लगा कि संदेश फर्म मालिक ने भेजा है। उसने बिना शक रकम ट्रांसफर कर दी। असली मालिक से बातचीत के बाद साइबर ठगी का पर्दाफाश हुआ। जांच करते हुए जिल पुलिस ने दो राज्यों में दबिश देकर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी नागपुर और 10 आरोपी देहरादून से पकड़े गए हैं। यह जानकारी एसपी गौरव राजपुरोहित ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को दी।



### महाराष्ट्र से जुड़ी फाइनेंशियल चेन

साइबर क्राइम टीम जांच करते हुए महाराष्ट्र के नागपुर पहुंची और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक आरोपी बैंक खाते का धारक है, जबकि दूसरा खातों की व्यवस्था कर उन्हें गिरोह तक पहुंचाता था। जांच में ठगी की रकम कोलकाता स्थित नेटवर्क तक पहुंचने की बात भी सामने आई।

### रिमोट एक्सेस से सेंधमारी

जांच में पता चला कि फर्म मालिक के सहयोगी का लैपटॉप रिमोट एक्सेस के जरिए हैक हुआ था। साइबर अपराधियों ने लिंक भेजकर सिस्टम का महत्वपूर्ण डेटा हासिल कर लिया। इसी जानकारी का इस्तेमाल कर मालिक की पहचान का दुरुपयोग किया गया और मैनेजर को झांसे में लिया गया।

### देहरादून में चल रहा था कॉल सेंटर, 15 फोन बरामद

दो अन्य मामलों की जांच के दौरान पुलिस देहरादून पहुंची। यहां एक कॉल सेंटर पर छापा मारकर 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी क्रेडिट कार्ड अपडेट और केवाईसी के नाम पर मैसेज भेजते थे। लिंक के जरिए बैंकिंग जानकारी हासिल कर खातों से रकम निकाल लेते थे।देहरादून से पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 15 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार साइबर अपराध का यह नेटवर्क कई राज्यों में सक्रिय है। गिरोह में अलग-अलग स्तर पर काम करने वाले लोग शामिल हैं। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य मामलों के खुलासे की उम्मीद है।

# ऑनलाइन गेम की लत ने बीकॉम के छात्र को बनाया हथियार सप्लायर

## गेम में हारा तो नुकसान की भरपाई के लिए बना गिरोह का मोहरा दो विदेशी हथियारों और 8 कारतूसों के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मोबाइल पर शुरू हुआ ऑनलाइन गेमिंग का शौक कब अपराध की दुनिया का रास्ता बन गया, इसका अंदाजा खुद आरोपी के परिवार को भी नहीं था। बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र पहले ऑनलाइन गेमिंग में लाखों रुपये गंवाता रहा और फिर नुकसान की भरपाई के लालच में विदेशी अपराधियों के नेटवर्क से जुड़ गया। पुलिस ने ऐसे ही एक युवक को दो विदेशी हथियारों और आठ कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

एसपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान जनता कॉलोनी निवासी कृत के रूप में हुई है। अपराध शाखा की टीम ने उसे उस समय काबू किया जब वह हथियारों की खेप सप्लाई करने जा रहा था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक चाइनीज पिस्तौल, एक अन्य विदेशी हथियार और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ऑनलाइन गेमिंग में भारी रकम हार गया था। परिवार से यह बात छिपाने के दौरान वह विदेश में बैठे एक ऑपरेटर के संपर्क में आ गया। धीरे-धीरे उसे हथियारों की सप्लाई का काम सौंपा गया। पुलिस के अनुसार एक खेप पहुंचाने के बदले उसे करीब एक लाख रुपये तक मिलते थे, जिससे वह तेजी से इस नेटवर्क का हिस्सा बनता चला गया।



### मैसेज आता और शुरू हो जाती सप्लाई

पुलिस जांच में आरोपी के पास से दो विदेशी नंबर मिले हैं। इन्हीं नंबरों पर उसे मैसेज भेजकर बताया जाता था कि हथियार कहां से उठाने हैं और कहां पहुंचाने हैं। आरोपी पहले हथियार अपने पास रखता और फिर अगला निर्देश मिलने पर निर्धारित स्थान तक पहुंचा देता था। पुलिस का दावा है कि वह 20 से अधिक बार ऐसी सप्लाई कर चुका है।

### परिवार को नहीं था बेटे की गतिविधियों का पता

पुलिस के अनुसार आरोपी की मां एक सरकारी विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। परिवार को इस बात की भनक तक नहीं थी कि उनका बेटा अपराधियों के संपर्क में है। गिरफ्तारी के बाद परिजन अभी भी इस सच्चाई पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि पढ़ाई कर रहा उनका बेटा हथियार तस्करी के नेटवर्क का हिस्सा बन चुका था।

### जमानत लेने वालों पर भी रहेगी नजर

एसपी ने कहा कि आरोपी को रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का लक्ष्य हथियारों की सप्लाई चेन से जुड़े विदेश में बैठे संचालकों और स्थानीय रिसीवर तक पहुंचना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे आरोपियों की जमानत कराने वालों की गतिविधियों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### अवैध हथियारों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

पुलिस के अनुसार वर्ष 2025 में आर्म्स एक्ट के 66 मामलों में 76 हथियार और 106 कारतूस बरामद किए गए थे। वहीं वर्ष 2026 में अब तक 68 मामलों का खुलासा करते हुए 125 अवैध हथियार और 514 जिंदा कारतूस बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस का कहना है कि अवैध हथियारों और उनके नेटवर्क के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**कटौती** | गर्मी के कारण लोगों को झेलनी पड़ सकती है परेशानी

# आज शहर की 30 कॉलोनियों में गुल रहेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शनिवार को शहर की करीब 30 कॉलोनियों के हजारों उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। बिजली निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में रखरखाव और तकनीकी कार्यों के चलते अलग-अलग समय पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली बंद रहने का असर केवल घरेलू उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। ऐसे में लोगों को पहले से जरूरी इंतजाम करने की सलाह दी गई है। बिजली निगम के अनुसार शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में निर्धारित समय के दौरान बिजली सप्लाई बंद रहेगी। सुबह के समय होने वाली इस कटौती से घरों, दुकानों, कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। गर्मी के मौसम में बिजली बंद रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### सुबह 8 से 11 बजे तक

बिजली निगम के अनुसार सुबह 8 बजे से 11 बजे तक मॉडल टाउन, सुभाष नगर, गांधी नगर, वीसी ऑफिस क्षेत्र, सीआर रोड और दिल्ली रोड सहित आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इन क्षेत्रों में तीन घंटे तक बिजली नहीं रहने से पेयजल आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है।

### सुबह 8 से 10 बजे तक

वहीं सुबह 8 बजे से 10 बजे तक ऑफिसर कॉलोनी, जाट संस्था क्षेत्र, ओमेक्स सिटी, देव कॉलोनी, विनय नगर, सेक्टर-14 और दिल्ली बाइपास से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इन इलाकों में दो घंटे तक बिजली बंद रहने से पानी की मोटरों और अन्य विद्युत उपकरणों का संचालन प्रभावित रहेगा।



### सुबह 10 से 12 बजे तक

सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक डीएलएफ कॉलोनी, जगदीश कॉलोनी, चिन्योट कॉलोनी, रामनगर, नेताजी नगर, गांधी नगर, जवाहर नगर, आर्य नगर, शिवम एनक्लेव, सर्कुलर रोड, गांधी कैंप, घनीपुरा, बैंक कॉलोनी, पटेल नगर, श्रीनगर कॉलोनी और एकता कॉलोनी में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इन क्षेत्रों में घरेलू कार्यों के अलावा व्यावसायिक गतिविधियों में दिक्कत आ सकती है।

### जलापूर्ति पर भी पड़ सकता है असर

बिजली कटौती के चलते कई क्षेत्रों में जलघर और बूस्टिंग स्टेशन प्रभावित हो सकते हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति का समय प्रभावित होने की संभावना है। निगम अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे पहले से पानी का आवश्यक भंडारण कर लें और बिजली से जुड़े जरूरी कार्य निर्धारित समय से पहले निपटा लें। बिजली निगम का कहना है कि निर्धारित तकनीकी कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। मौसम और तकनीकी परिस्थितियों के अनुसार समय में मामूली बदलाव भी संभव है।



## स्वस्थ नारी, सुरक्षित परिवार अभियान के तहत लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

■ एनसीडी व टीबी के 14 मरीजों की हुई जांच

रोहतक। स्वस्थ नारी, सुरक्षित परिवार अभियान के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चिड़ी में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. कमला वर्मा और डिप्टी सिविल सर्जन अंजली अरोड़ा मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह ने की। इस अवसर पर डॉ. कमला वर्मा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और जनस्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। शिविर में एनीमिया, टीबी, कैंसर तथा अन्य बीमारियों की जांच के साथ लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी प्रदान की गई। शिविर के दौरान कुल 282 लोगों का पंजीकरण किया गया। इनमें 68 लोगों का बीएमआई परीक्षण किया गया, जबकि एनसीडी और टीबी से संबंधित 14-14 मरीजों की जांच हुई। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 24 महिलाओं और बच्चों की जांच की गई तथा दो बच्चों का टीकाकरण किया गया।

## झज्जर के गांव आसंडा में रात को गोली चलने से युवक घायल, मुकदमा दर्ज

झज्जर। क्षेत्र के गांव आसंडा में शुक्रवार रात गोली चलने की घटना से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार गांव के ही एक युवक मंजीत को गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल उपचार के लिए रोहतक के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। गोली चलने की सूचना मिलते ही आसौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

### विभिन्न सामाजिक संगठनों ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

# शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलोत चौक का नाम बदलने पर विरोध

सेक्टर-14 व मदवि गेट नं. दो के सामने चौक का नाम बदलने का विरोध

1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए थे सज्जन सिंह गहलोत

नाम बहाल नहीं करने पर अठगामा ने दी पंचायत की चेतावनी



रोहतक। शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलोत चौक का नाम बदले जाने के विरोध में एडीसी को ज्ञापन देते लोकहित संस्था, आठगामा तपा बोहर, राष्ट्रीय जाट महासभा और राष्ट्रीय किसान कामगार महासभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**निगम प्रशासन ने बिना किसी स्पष्ट कारण के बदला चौक का नाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-14 और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गेट नंबर-2 के सामने स्थित शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलोत चौक का नाम बदले जाने के विरोध में गुरुवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। संगठनों ने चौक का नाम पूर्ववत रखने की मांग करते हुए इसे शहीद का सम्मान और क्षेत्र की भावनाओं से जुड़ा मुद्दा बताया। विरोध प्रदर्शन में लोकहित संस्था, आठगामा तपा बोहर, राष्ट्रीय जाट महासभा और राष्ट्रीय किसान कामगार महासभा सहित कई संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार को ज्ञापन देकर चौक का नाम दोबारा शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलोत के नाम पर बहाल करने की मांग की। लोकहित संस्था के प्रधान एडवोकेट चंचल नांदल ने कहा कि 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए मेजर सज्जन सिंह गहलोत सेक्टर-14 के निवासी थे। उनकी शहादत को सम्मान देने के लिए चौक का नाम उनके नाम पर रखा गया था, लेकिन हाल ही में बिना किसी स्पष्ट कारण के इसका नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि शहीदों की स्मृतियों को संरक्षित रखना समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी है। आठगामा तपा बोहर के प्रधान रणबीर नांदल ने कहा कि मेजर सज्जन सिंह गहलोत आठगामा क्षेत्र से जुड़े थे और यदि नाम बहाल नहीं किया गया तो इस मुद्दे पर बड़ी पंचायत बुलाई जाएगी। वहीं राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रधान रामकिशन पावड़िया ने कहा कि शहीदों का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर पूर्व सैनिकों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर आंदोलन चलाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर देवेंद्र खत्री, संतलाल बुधवार, निर्मल चौधरी, मुकेश चौहान, राजेश हुड्डा, राजदुलारी, यशवीर खरब, बलजीत कालीरमन, नाहर सिंह देशवाल, कैप्टन शमशेर मलिक, राजबीर मलिक, ईश्वर सिंह दलाल, एडवोकेट नरेंद्र रोहिल्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 25 मार्च 2025 को लिखित में दिया था आश्वासन



रोहतक। चौधरी छोटू राम की आदमकद प्रतिमा के निर्माण और चौक के नामकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विवि गेट पर प्रदर्शनः चौ. छोटू राम की प्रतिमा व चौक के नामकरण की मांग

■ एनएसओ प्रदेश अध्यक्ष सुधीर के नेतृत्व में छात्र संगठनों ने विवि प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

रोहतक। नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एनएसओ) के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर कुमार सहारन के नेतृत्व में छात्र संगठन और सहयोगी संगठनों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। चौधरी छोटू राम की आदमकद प्रतिमा के निर्माण और चौक के नामकरण की मांग को लेकर छात्रों में भारी रोष है। छात्र नेताओं ने बताया कि इस मांग को लेकर संगठन ने पहले पांच दिनों तक भूख हड़ताल की थी, जिसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने 25 मार्च 2025 को लिखित में आश्वासन दिया था। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस मांग को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। छात्रों ने यूनिवर्सिटी के गेट नंबर 1 के नजदीक बने चौक का नामकरण चौधरी छोटू राम चौक करने और वहां लगभग 35 लाख रुपये के बजट से अष्टधातु की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की पुरजोर मांग रखी है। मौके पर पहुंचकर कुलसचिव डॉ. संदीप कुमार बंसल और डीन कॉलेज प्रोफेसर राजेश कुमार पुनिया ने प्रदर्शनकारी छात्रों से बातचीत की। प्रशासन ने इस मामले में ठोस कदम उठाने के लिए छात्र प्रतिनिधियों को मंगलवार को अपने कार्यालय में बैठक के लिए आमंत्रित किया है। कुलसचिव डॉ. संदीप कुमार बंसल ने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस पूरे विषय पर कुलपति (वाइस चांसलर) प्रोफेसर मिलाप पुनिया जी से विस्तार से चर्चा करेंगे और जल्द ही एक पॉजिटिव दिशा में कदम उठाया जाएगा।

**सड़क हादसा**

# अखबार बांटने निकले पिता की मौत बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

तेज रफ्तार पिकअप चालक ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हर सुबह लोगों तक खबरें पहुंचाने वाले एक अखबार वितरक की जिंदगी सड़क हादसे ने छीन ली। रोज की तरह साइकिल पर अखबार बांटने निकले व्यक्ति को तेज रफ्तार पिकअप चालक ने ऐसी टक्कर मारी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है, जबकि पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव भालोट निवासी अनुज ने बताया कि उसके पिता सुरेश अखबार सप्लाई का काम करते थे। 18 जून की सुबह वह अपनी साइकिल पर अखबार बांटने के लिए निकले थे। जब वह सोनीपत रोड पर पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार में आई एक बलेरो पिकअप ने उनकी साइकिल को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुरेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात बलेरो पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**आरोपी जल्द होगा काबू**

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विजय सैनी हत्याकांड में छह दिन के अंदर ही दूसरा आरोपी पुलिस एनकाउंटर में ढेर

■ कुख्यात बदमाश संजय बिरधाना पर अपनी पत्नी की हत्या का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव दुजाना में विजय सैनी की हत्या व अपनी ही पत्नी की हत्या के आरोपी बदमाश संजय बिरधाना शुक्रवार देर शाम पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। क्षेत्र के गांव कड़ौधा के नजदीक हुई इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी को भी गोली लगी है। मामले की सूचना पाकर पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह अस्पताल परिसर पहुंचीं घायल पुलिसकर्मी का हाल चाल भी पूछा। बताया जा रहा है कि संजय अपने साले की हत्या की फिराक में था। बता दें कि विजय सैनी हत्याकांड में छह दिन के अंदर ही पुलिस ने दो आरोपियों को एनकाउंटर में मार गिराया है। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने बताया कि आरोपी संजय पर अपनी पत्नी और दुजाना गांव में विजय सैनी की हत्या करने के संबंध में मामले दर्ज हैं।



झज्जर। संजय बिरधाना के एनकाउंटर के बाद मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी।

**2021 में विजय सैनी के छोटे बेटे की भी हुई थी हत्या, बड़े बेटे को भी था खतरा**



क्षेत्र के गांव दुजाना में बीती 31 मई को दोपहर के उस समय सनसनी फैल गई थी, जब दिनदहाड़े बुजुर्ग व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए नकाबपोश बदमाशों ने एक के बाद एक छह से सात राउंड फायर किए थे। मृतक की पहचान करीब 65 वर्षीय विजय सैनी पुत्र रत्न सिंह के तौर पर की गई थी।

## न्यूज डायरी



### 8वीं के पाठ्यक्रम में नाम परिवर्तन पर बैरागी समाज नाराज, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

रोहतक। कक्षा 8वीं के पाठ्यक्रम में वीर बंदा बैरागी के नाम के स्थान पर बंदा सिंह बहादुर/" लिखे जाने का रोहतक बैरागी समाज ने विरोध जताया है। समाज के प्रतिनिधियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर नाम को पूर्ववत बहाल करने की मांग की। रोहतक बैरागी समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मामराज बैरागी स्वामी ने कहा कि पाठ्यक्रम में किए गए इस बदलाव से बैरागी समाज की धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने इसे समाज की ऐतिहासिक पहचान और आस्था से जुड़ा विषय बताया।डॉ. स्वामी ने कहा कि हरियाणा सरकार स्वयं प्रत्येक वर्ष 9 जून को वीर बंदा बैरागी शहीद दिवस मनाती है। इसके अलावा विभिन्न साहित्यिक और ऐतिहासिक स्रोतों में भी वीर बंदा बैरागी के नाम का उल्लेख मिलता है।

### नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस नेताओं ने अनाथ बच्चों संग बांटी खुशियां

रोहतक। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस नेताओं ने अनाथ बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा फल और भोजन वितरित कर खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और गरीब वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया है। पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने कहा कि राहुल गांधी लोकतंत्र और आम आदमी के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। शहरी कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप केडी और ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान सुलभ गुगनानी, प्रो. वीरेंद्र सिंह, सुनील बल्ली, कपिल खन्ना सहित अनेक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को बताया धैर्य और अनुशासन का महत्व



रोहतक। आर्य वीर दल रोहतक के तत्वावधान में आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में चल रहे सात दिवसीय आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन शिविरार्थियों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन और धैर्य का संदेश दिया गया। बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए शिविर उपाध्यक्ष आचार्य शक्तिदेव ने कहा कि क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। धार्मिक व्यक्ति को धैर्यवान होना चाहिए तथा अक्रोध धर्म का प्रमुख लक्षण है। उन्होंने बच्चों को प्रातः सूर्योदय से पहले उठने और नियमित दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा दी। शिविर बौद्धिक अध्यक्ष आचार्य प्रविंद्र ने कहा कि ईश्वर के गुणों का स्मरण करते हुए पवित्र जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। वहीं व्यायाम शिक्षकों रामनिवास और सागर ने आसन, प्राणायाम, व्यायाम तथा जूडो-कराटे, लाठी और तलवार जैसी युद्ध कलाओं का प्रशिक्षण दिया। शिविर अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि समापन समारोह में शिविरार्थियों को निःशुल्क वैदिक साहित्य वितरित किया जाएगा। जिला संचालक सतीश आर्य ने बताया कि शिविर का समापन 21 जून को होगा।

### एशियाई स्पर्धा के लिए तैराक सरेना क्वालीफाई, बैंकॉक में दिखाएंगी दम



झज्जर। हरियाणा के गुरुग्राम की 12 वर्षीय तैराक सरेना ने बैंकॉक में आयोजित होने वाली 12वीं एशियाई एज ग्रुप चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। सरेना ने क्वालीफिकेशन ट्रायल्स के दौरान अपने आयु वर्ग में देश के सर्वश्रेष्ठ परिणाम दर्ज किए। बैकस्ट्रोक इवेंट्स में उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा। सरेना ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 30.67 सेकेंड और 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 1:06.63 मिनट का समय दर्ज किया। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन और स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने सरेना को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी हैं।



### हुडा टाऊन पार्क में मनाया जाएगा उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

महम। रविवार 21 जून को आयोजित किये जाने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर वीरवार को एसडीएम विपिन कुमार ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बिजली, पानी, परिवहन, एंबूलेंस सेवा आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मैट, पानी, बिजली, अल्पाहार आदि की समुचित व्यवस्था करने और एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह 7 से 8 बजे महम के हुडा पार्क में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था व अलग से शौचालयों का इंतजाम होना चाहिये। बैठक में बीईओ महम सतेंद्र नेहरा, आयुष विभाग से डा. नवीन कुमार, सुरेश कुमार प्राचार्य व अन्य सम्बधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चिड़ी में किसान जागरूकता शिविर 50 से अधिक ग्रामीणों ने लिया भाग

■ सहकारिता व पशुपालन पर किया जागरूक

रोहतक। गांव चिड़ी में शुक्रवार को हरकोफेड द्वारा किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 50 किसानों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य किसानों को सहकारिता, पशुपालन और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में हरकोफेड की शिक्षा अधिकारी अर्चना ने किसानों को सहकारिता आंदोलन की जानकारी देते हुए बताया कि सहकारी संस्थाओं से जुड़कर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक सहकारी गतिविधियों में भागीदारी करने का आह्वान किया। शिविर में पशुपालन विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र सिंह ने किसानों और पशुपालकों को पशुपालन के आधुनिक तरीकों की विस्तृत जानकारी दी।



### मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

■ डीसी ने शुक्रवार को आर्य नगर व एकता कालोनी का किया दौरा

रोहतक। मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान तेज कर दिया गया है। इसके तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और निर्धारित गणना प्रपत्र भरवाने के साथ आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन भी कर रहे हैं। अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को आर्य नगर और एकता कॉलोनी का दौरा किया। इस दौरान बीएलओ द्वारा गणना फॉर्म के वितरण और संग्रहण कार्य की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्वाचन आयोग की निर्धारित समयसीमा के भीतर पुनरीक्षण कार्य पूरा किया जाए। निर्वाचन विभाग के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र और त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को हटाना है। इसके लिए जिला भर में युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है।



### एसआईआर अभियान में जनप्रतिनिधि निभा सकते हैं अहम भूमिका : एसडीएम

महम। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को एसडीएम विपिन कुमार ने खंड के सभी गांवों के सरपंचों एवं नगर निकाय के पार्षदों के साथ बैठक कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की तथा इसे जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में एसडीएम विपिन कुमार ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरपंच एवं पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक तक इस अभियान की जानकारी पहुंचाएं और उन्हें गणना प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों को अभी तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है या जिन्होंने अभी तक इसे जमा नहीं कराया है, वे समय रहते इसे पूरा करें। सभी जनप्रतिनिधि यह भी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र का कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रहे।



### किसानों को खाद के साथ अनावश्यक उत्पाद खरीदने के लिए नहीं करें मजबूर : डॉ.मलिक

■ किसानों को आवश्यकता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण खाद व कीटनाश्क उपलब्ध कराएं विक्रेता

रोहतक। जिले में खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नई अनाज मंडी, रोहतक में खाद विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन उप कृषि निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक के निर्देशानुसार किया गया। इसकी अध्यक्षता गुण नियंत्रण अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा ने की। बैठक में जिले के खाद विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसानों को उनकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण खाद और कीटनाशक उपलब्ध कराए जाएं। किसी भी किसान को खाद खरीदने के साथ अनावश्यक दवाइयां, सूक्ष्म पोषक तत्व या अन्य कृषि उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। विभाग ने कहा कि ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डॉ. दिनेश शर्मा ने बताया कि सरकार और कृषि विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में खाद का वितरण निर्धारित व्यवस्था के तहत किया जाएगा, ताकि किसानों को समय पर और बिना किसी परेशानी के खाद उपलब्ध हो सके। उन्होंने विक्रेताओं से खाद की उपलब्धता, बिक्री और स्टॉक संबंधी रिकॉर्ड को नियमित रूप से अपडेट रखने तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरतने को कहा। बैठक में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

**शिविर** | महिला स्वास्थ्य में योग की साक्ष्य आधारित भूमिका पर संगोष्ठी

# योग से महिला स्वास्थ्य होगा सशक्त, वैज्ञानिक शोधों से बढ़ रही स्वीकार्यता : डॉ. अग्रवाल

■ आधुनिक चिकित्सा से महिलाओं को मानसिक व शारीरिक रूप से बनाया जा सकता है बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल, निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल व विद्यार्थी।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक में "महिला स्वास्थ्य में योग की साक्ष्य आधारित भूमिका : रोकथाम, प्रबंधन और जीवन गुणवत्ता" विषय पर राज्य स्तरीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों तथा लगभग ढाई सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संगोष्ठी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल तथा निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल ने किया। कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने कहा कि महिला स्वास्थ्य एक स्वस्थ और सशक्त समाज की आधारशिला है। योग की प्राचीन परंपरा को आधुनिक चिकित्सा और वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़कर महिलाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है।

**1200 से अधिक महिलाओं को लाभ**

डॉ. पंकज ने कहा कि विभिन्न शोधों के अनुसार नियमित योगाभ्यास से बहुअंडाशय विकार में इंसुलिन संवेदनशीलता में लगभग 35 प्रतिशत सुधार तथा रजोनिवृत्ति संबंधी लक्षणों में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी देखी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष महिला योग बाह्य रोगी विभाग में 1200 से अधिक महिलाओं ने लाभ लिया।, जिनमें से 68 प्रतिशत में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया।

**ये रहे मौजूद**

प्रोफेसर मधु शर्मा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. सविता सिंघल, डॉ. ईशा, डॉ. सुमन, डॉ. पारुल पुनिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संचारी रोगों के नियंत्रण में योग बेहद कारगर

- प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान ने विद्यार्थियों को किया संबोधित

रोहतक। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में उच्च शिक्षा विभाग और हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार एक विशेष विचार गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य विषय गैर-संचारी रोगों में योग अभ्यास के वैज्ञानिक एवं प्रमाणित लाभ रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण शैली है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि योग गंभीर गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में बेहद कारगर है। गोष्ठी के दौरान योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त जीवन, बेहतर स्वास्थ्य और समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. सुशील दलाल, शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. प्रवीण धायल, डॉ. मस्तराम और डॉ. कुलदीप मलिक सहित कई गणमान्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग दिवस से पहले आज होगा अंतिम पूर्वाभ्यास

# प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म और सामूहिक अभ्यास कराया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

- जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा होंगे मुख्यातिथि

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम से पहले शनिवार को राजीव गांधी खेल स्टेडियम में सुबह सात बजे अंतिम पूर्वाभ्यास आयोजित किया जाएगा। पूर्वाभ्यास के दौरान जिला प्रशासन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करेगा और योग दिवस के आयोजन से जुड़े विभिन्न प्रबंधों को अंतिम रूप दिया जाएगा। 21 जून को होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में हरियाणा के सहकारिता, निर्वाचन, कारागार, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी और नागरिक भाग लेंगे। पूर्वाभ्यास के दौरान निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म अभ्यास, विभिन्न योगासन और प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास कराया जाएगा।

### महम और सांपला में भी उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे

प्रशासन ने सभी विभागों को कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तर के अलावा महम और सांपला में भी उपमंडल स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़कर स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

## एफडीडीआई और नव युवा फाउंडेशन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



- 30 से अधिक महिलाओं और इतने ही अधिकारियों और जवानों ने लिया भाग

रोहतक। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) एवं नव युवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में समर्थ सिलाई कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ी 30 से अधिक महिलाओं तथा सशस्त्र बलों के 30 से अधिक जवानों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एफडीडीआई की कार्यकारी निदेशक सरिता दूहन ने कहा कि योग आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति, एकाग्रता और बेहतर स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम है। नव युवा फाउंडेशन के निदेशक प्रवीण कुमार और सुमित कुमार ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन पद्धति है, जो आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योग करने और समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर फाउंडेशन सदस्य ममता, नवनीत कुमार, संदीप कुमार, सचिन तथा अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

## कल विश्व योग दिवस पर कैलाश पार्क में होगा योग कार्यक्रम

रोहतक। सुभाष नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से 21 जून को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कैलाश पार्क, सुभाष नगर में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### हर दिन योग का संकल्प

कार्यक्रम में योग शिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान सेवक प्रवीण सहगल ने बताया कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने की एक प्रभावी जीवनशैली है। उन्होंने नागरिकों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने और हर घर योग, हर दिन योग का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग, ध्यान और स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सभी को अपना योगदान देना चाहिए।



रोहतक। योग साधकों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास करवाते भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष जगबीर आर्य। फोटो : हरिभूमि

## शिविर में ताड़ासन, त्रिकोणासन एवं वृक्षासन का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

- योग शिक्षिका सुनीता के नेतृत्व में नियमित योग कक्षा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया

सेक्टर-4 एक्सटेंशन स्थित सैनिक पार्क में चल रहे पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत योग साधकों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शिविर में 21 जून को होने वाले कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत ताड़ासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन और वृक्षासन का अभ्यास करवाया गया।

योग शिक्षिका सुनीता के नेतृत्व में नियमित योग कक्षा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर दया आर्य ने मुख्य योग शिक्षिका सुनीता, सुमन, कमलेश, सुमित्रा, संतोष तथा कर्नल धर्मपाल बड़क को अंगवस्त्र और योग साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष जगबीर आर्य ने साधकों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, उद्गीथ, प्रणव ध्यान एवं क्रियात्मक योगाभ्यास करवाया। उन्होंने सभी योग साधकों और वरिष्ठ योग शिक्षकों को 21 जून को पुरानी आईटीआई स्थित बाबा बालकपुरी पार्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने का निमंत्रण भी दिया।

## योग भारत की अमूल्य विरासत, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा : कुलपति



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू) में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' के तहत प्रतिभागियों को सक्रिय व संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में कुलपति डॉ. बी.एम. यादव, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सहित शिक्षकगण, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास किया गया। कुलपति डॉ. बी.एम. यादव ने कहा कि योग भारत की अमूल्य विरासत है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। भागदौड़ भरी जिंदगी में योग शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का सर्वोत्तम साधन है। वहीं रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने योग को जीवन जीने की समग्र पद्धति बताते हुए इसे सकारात्मक सोच और कार्यक्षमता बढ़ाने का माध्यम बताया। योग विशेषज्ञ डॉ. गौरव दलाल ने नियमित योग से तनावमुक्त जीवन जीने की बात कही। अंत में सभी ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## योग दिवस पर सुपवा के अतिथि होंगे स्कूली छात्र, 200 को दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

- योग गुरु शंभु विद्यार्थियों को योग की बारीकियां सीखाएंगे

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान स्कूली छात्र बतौर अतिथि सुपवा पहुंचेंगे। इसके लिए शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 200 छात्रों को निमंत्रण दिया गया है।

इन्हें यूनिवर्सिटी का भ्रमण कराने के साथ ही योग को जीवन में अपनाने का संदेश दिया जाएगा। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर विनय कुमार ने बताया कि 21 जून को सुबह 6 बजे से वीसी सचिवालय के सामने वाले लॉन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर योग गुरु शंभु योग का महत्व बताते हुए विभिन्न आसन व क्रियाएं कराएंगे। इस दौरान कुलगुरु डॉ अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा समेत यूनिवर्सिटी की सभी फैकेल्टी, टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टॉफ भी मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी परिसर में योग दिवस का आयोजन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर व मेंटल वेल बीइंग क्लब की ओर से किया जाएगा। इसका मकसद मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शिक्षा में एकाग्रता के लिए योग की जरूरत बारे छात्रों को अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि योग वह प्राचीन विद्या है, जिसका उद्गम भारत में ही हुआ था और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाया जा चुका है। यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का एक साधन है, जो हजारों वर्षों से प्रचलित है। योग का इतिहास वेद काल से शुरू होता है, जब इसे धार्मिक और आध्यात्मिक अनुष्ठानों का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था। पतंजलि के योगसूत्र में योग के सिद्धांतों और अभ्यासों का संकलन किया गया है, जिन्हें आज भी योग के अध्ययन का मुख्य स्रोत माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्कूली छात्रों को डीएलसीसुपवा में अतिथि बनाते हुए आमंत्रित करने का मकसद यही है कि उन्हें योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

## योग अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं: हवा सिंह सैनी



रोहतक। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व मानसरोवर पार्क में आयोजित निशुल्क योग शिविर में अमर भारत योग सेवा समिति के अध्यक्ष एवं योग गुरु सरदार हवा सिंह सैनी ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को मानसरोवर पार्क में भव्य योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योग को वैश्विक पहचान दिलाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शिविर में मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वी.के. चावला रहे, जिनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद सैनी, किशन लाल बजाज, वीरेंद्र शमी, सुषमा हंस सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।



## डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति ने दी योग शिविर में रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि

रोहतक। डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा केशव पार्क, शक्ति नगर ग्रीन रोड में आयोजित योग साधना शिविर के दौरान रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समिति के सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समिति के संरक्षक ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई साहस, त्याग और वीरता की अद्वितीय प्रतीक थीं। उन्होंने अंग्रेजों की हड़प नीति का विरोध करते हुए मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी का ऐतिहासिक नारा दिया और 1858 में युद्ध के दौरान वीरगति प्राप्त की। इस अवसर पर योगाचार्य स्नेहा गोयल, अशोक गुप्ता, मधु गुप्ता, अनु आहूजा, आशा रानी, लक्ष्मी नासा, मीनू, पूजा, राम बत्रा, रीना विरमानी सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।

## 35 कंपनियां देंगी नौकरी का मौका, आज विकास भवन में लगेगा मेगा रोजगार मेला

रोहतक। जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए शनिवार को रोजगार पाने का बड़ा अवसर उपलब्ध होगा। जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में सुबह नौ बजे से मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब 35 प्रतिष्ठित कंपनियां और निजी क्षेत्र के नियोक्ता भाग लेकर विभिन्न पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। रोजगार मेले का शुभारंभ हरियाणा के श्रम, परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज करेंगे। मेले में रोहतक के अलावा आसपास के जिलों के युवा भी भाग ले सकेंगे। मेले में ऑपरेटर, ग्रेजुएट ट्रेनी, पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी, आईटीआई फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट समेत तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्रों के अनेक पदों पर भर्ती की जाएगी। युवाओं को उनकी योग्यता और अनुभव के अनुसार रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

GREENLAND PUBLIC SCHOOL
(CBSE) DATTAUR, ROHTAK
The suitable candidates are urgently required for the following positions:-
1. PGT- BIO 2. TGT-IT
3. PRT - IT 4. Mother teachers
5. PTI (M/F) 6. Art & Craft teacher
Only the deserving candidates having fluency in English may report at Hotel Evaan (Old Name Hotel Karan), Mansarover Park Rohtak at 10:00 am on Tuesday dated 23/06/2026. You may send your resume at:
greenlandpublicschool@gmail.com
Contact No. 9896664444
7988334130

## अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा और समाज सेवा ही ईश्वर की सच्ची उपासना है: बाबा कालिदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सांपला

- कालिदास ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

समाज के प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। जब प्रशासन और सामाजिक संगठन मिलकर जनहित के कार्य करते हैं तो क्षेत्र के विकास को नई गति मिलती है। इसी सोच के साथ कार्य कर रहे प्रशासनिक प्रयासों को लेकर शुक्रवार को परशुराम सर्व समाज सेवा दल द्वारा सांपला उपमंडल अधिकारी एसडीएम अंकिता पवार को उनके कार्यालय में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बाबा कालिदास ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।बाबा कालिदास ने कहा कि समाज की डोर प्रशासन के हाथ में होती है। प्रशासन यदि जनहितैषी योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करे तो लोगों की ऊर्जा समाज और राष्ट्र निर्माण में लगती है। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा और समाज सेवा ही ईश्वर की सच्ची उपासना है। ऐसे अधिकारी जो जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं, वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। परशुराम सर्व समाज सेवा दल के संयोजक जितेंद्र कुलताना ने कहा कि सांपला नगर पालिका क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही ब्लॉक के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है।



### ये रहे मौजूद

छह गांव प्रधान शिव कुमार भैसरू कलां, चौगामा खरावड़ प्रधान प्रदीप शर्मा, प्रधान बिन्नी पहलवान, अजीत सिंह राठी, मजीत दलाल, प्रेम जांगड़ा, सुभाष लकड़िया, डॉ. मुकेश दत्त दिमाना, रोहित ठेकेदार, संजय डीघल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्रदर्शनी के चित्रों और पोस्टरों में विकास की योजनाएं दिखीं

- केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में लगाई गई थी तीन दिवसीय प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



रोहतक। आयोजित प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय ऑन द स्पॉट चित्रकला एवं पोस्टर मेकिंग प्रदर्शनी का समापन हो गया। गांधी नगर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 16 से 18 जून तक आयोजित इस प्रदर्शनी में खंड रोहतक के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को रचनात्मक माध्यमों के जरिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक विषयों से जोड़ना था। विद्यार्थियों ने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, डिजिटल भारत, आत्मनिर्भर भारत तथा अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आकर्षक चित्र और पोस्टर तैयार किए। प्रदर्शित कृतियों में सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ विकास और जनजागरूकता के संदेश भी दिखाई दिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां उनकी रचनात्मक सोच और अभिव्यक्ति क्षमता को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रदर्शनी में लगाए गए चित्रों और पोस्टरों ने शिक्षकों, अधिकारियों और आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में नवाचार, सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं। साथ ही उन्हें अपनी कला प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए मंच भी उपलब्ध कराती हैं।

**तैयारी** रोहतक मदवि की टीम ने महाविद्यालय का दौरा किया

## नेकीराम कॉलेज में पीजी डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस कोर्स के लिए निरीक्षण

- प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान और भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील दलाल ने किया टीम का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मौजूद निरीक्षण दल के साथ प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील दलाल। फोटो : हरिभूमि

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक के भूगोल विभाग में प्रस्तावित पीजी डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस पाठ्यक्रम के संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं एवं संसाधनों के निरीक्षण के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की एक विशेषज्ञ टीम ने महाविद्यालय का दौरा किया।

निरीक्षण दल में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की सीनियर प्रोफेसर डॉ. बीनू सांगवान, प्रोफेसर डॉ. रेणु आर्य तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार शामिल थे। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील दलाल, डॉ. कुलदीप मलिक, डॉ. उर्मिल सब्बरवाल, डॉ. सुचेता यादव, जोगिंद्र अहलावत, जगमोहन, डॉ प्रतिभा एवं अन्य विभाग के सदस्यों ने टीम का स्वागत किया। टीम ने प्रस्तावित पाठ्यक्रम के सफल संचालन के लिए उपलब्ध शैक्षणिक एवं तकनीकी सुविधाओं, कंप्यूटर प्रयोगशाला, सॉफ्टवेयर संसाधनों, पुस्तकालय तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का बारीकी से अवलोकन किया। टीम ने महाविद्यालय प्रशासन एवं भूगोल विभाग द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा भी की।

इस अवसर पर भूगोल विभाग के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। निरीक्षण दल द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय को प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने संबंधी आगामी निर्णय लिया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने आशा व्यक्त की कि यह रोजगारोन्मुखी एवं तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को रिमोट सेंसिंग, जीआईएस तथा भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीन अवसर प्रदान करेगा।

## पठानिया पब्लिक स्कूल में योग विद् डैड चैलेंज, स्वास्थ्य और एकता का दिया संदेश



रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और फादर्स-डे के उपलक्ष्य में 'योग विद् डैड चैलेंज' का सफल आयोजन किया गया। इस अनूठी गतिविधि में विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के साथ विभिन्न योगासन करते हुए सुंदर और प्रेरणादायक तस्वीरें साझा कीं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों और पिताओं को योग से जोड़कर परिवार में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि योग मन, शरीर और आत्मा में संतुलन बनाता है। इससे बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच जैसे गुणों का विकास होता है। साथ ही, पिता-बच्चों का एक साथ योग करना पारिवारिक संबंधों को मधुर, मजबूत और भावनात्मक रूप से समृद्ध बनाता है।स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा ऐसी मूल्यपरक गतिविधियां आयोजित करता रहता है। इस अवसर पर को-फाउंडर वर्षा पठानिया, उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर और हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने सभी को योग दिवस व फादर्स-डे की शुभकामनाएं दीं।

# नीट का दोबारा एग्जाम कल : हाई सिक्योरिटी में पहुंचेगा प्रश्नपत्र, तैयारियां पूरीं

# छात्रों के साथ प्रशासन की भी अग्निपरीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नीट (यूजी)-2026 की दोबारा परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। इसमें जहां हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है, वहीं जिला प्रशासन और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के लिए भी यह किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। गत तीन मई को आयोजित परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद उसे रद्द करना पड़ा था। ऐसे में दोबारा हो रही परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा को लेकर सभी की निगाहें प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर टिकी हुई हैं। जिले में महम सहित कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 5300 से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए इस बार विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं, ऐसा दावा प्रशासन का है। प्रशासन किसी भी प्रकार की चूक या जोखिम नहीं लेगा। प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया को अत्यंत गोपनीय रखा गया है।जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि प्रश्नपत्र लेकर जाने वाले वाहन का रास्ते में कहीं भी ठहराव नहीं होगा। प्रश्नपत्र सीधे निर्धारित केंद्रों तक पहुंचाए जाएंगे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी और अन्य मानकों का भी कड़ाई से पालन किया जाएगा। देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं में शामिल नीट का महत्व हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देखने वाले लाखों विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा निर्णायक मानी जाती है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अनियमितता या सुरक्षा चूक न केवल छात्रों के भविष्य को प्रभावित करती है, बल्कि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े कर देती है।

## जिले में कुल 17 परीक्षा केंद्र, 5300 से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे



रोहतक। आयोजित समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### रोहतक की छवि को मजबूती मिलेगी

रोहतक का नाम पहले भी परीक्षा सुरक्षा से जुड़े विवादों में सामने आ चुका है। वर्ष 2016 में, जब नीट की जगह प्री-मेडिकल टेस्ट (पीएमटी) आयोजित किया जाता था, तब रोहतक में ही पेपर लीक का बड़ा मामला सामने आया था। इस घटना के बाद राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा केंद्रों की समीक्षा की गई और रोहतक को लंबे समय तक संवेदनशील केंद्र माना गया। इसी कारण वर्ष 2024 तक एनटीए ने रोहतक को परीक्षा केंद्रों की सूची से लगभग बाहर रखा था। यदि परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी और बिना किसी व्यवधान के संपन्न होती है तो यह न केवल विद्यार्थियों के हित में होगा, बल्कि रोहतक की छवि को भी मजबूती मिलेगी। रविवार को जब हजारों विद्यार्थी परीक्षा कक्षों में अपने ज्ञान की परीक्षा देंगे, तब प्रशासनिक तंत्र भी सुरक्षा, गोपनीयता और निष्पक्षता की कसौटी पर परखा जाएगा। यही कारण है कि इस बार नीट की पुनर्परीक्षा केवल छात्रों का नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र का भी इम्तिहान मानी जा रही है।

### परीक्षा को लेकर पुलिस भी अलर्ट

रोहतक। देश की सबसे महत्वपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में शामिल नीट को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती से लेकर आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी तक, हर स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ताकि अभ्यर्थी बिना किसी परेशानी के परीक्षा दे सकें। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने बताया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को रोकने के लिए विशेष रणनीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर भीड़भाड़ को नियंत्रित करने, यातायात व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### नीट की परीक्षा कल, महम में बनाए तीन केंद्र

महम। रविवार को नीट की परीक्षा है। इसके लिए महम में भी तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राजकीय महाविद्यालय महम, गवर्नमेंट आईटीआई महम और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान महम में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गवर्नमेंट कॉलेज महम में कॉलेज के सीनियर प्राध्यापक दीपक बेरवाल सेंटर सुप्रीटेंडेंट हैं। जबकि सुरेश अहलावत को डिप्टी सुप्रीटेंडेंट बनाया है। उपकेंद्र अधीक्षक सुरेश अहलावत ने बताया कि रविवार को दोपहर 2 बजे से 5 बजकर 15 मिनट तक नीट की परीक्षा चलेगी। परीक्षा केंद्र में सुबह 11 बजे से 1:30 बजे तक परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। डेढ़ बजे के बाद परीक्षा केंद्र में किसी की एंट्री नहीं दी जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में 240 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। तीनों परीक्षा केंद्रों में 720 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षार्थियों के बैठने व पेयजल के उचित इंतजाम किए गए हैं।

## रोडवेज भी तैयार: 25 बसें चलेंगी मुफ्त सफर कर सकेंगे अभ्यर्थी

रोहतक। 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर रोहतक डिपो ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था की है। रोडवेज विभाग ने परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों को निशुल्क लाने और ले जाने के लिए बसों का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके तहत जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के लिए कुल 25 बसें संचालित की जाएंगी, जबकि 8 अतिरिक्त बसें रिजर्व रखी जाएंगी ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत उपलब्ध करवाई जा सकें। रोडवेज महाप्रबंधक नवीन कुमार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार कार्यशाला प्रबंधक सुरेंद्र सिवाच को संपूर्ण व्यवस्था का ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। वहीं संस्थान प्रबंधक हंसराज को सहायक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों अधिकारी परीक्षा दिवस पर बस संचालन और व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। जारी शेड्यूल के अनुसार रोहतक के परीक्षा केंद्रों के लिए 12 बसें, महम के लिए 3 बसें, सांपला के लिए 3 बसें, लाखनमाजरा के लिए 3 बसें, सांघी के लिए 2 बसें तथा घुसकानी के लिए 2 बसें उपलब्ध करवाई जाएंगी। सभी बसों का संचालन सुबह 8:30 बजे से सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त महम और सांपला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए महम बस स्टैंड और सांपला बस स्टैंड से सुबह 10 बजे एक-एक विशेष बस भी चलाई जाएगी।



### आवश्यक तैयारियां पूरी

परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक समय पर पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसी भी अभ्यर्थी को परिवहन संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए चालक, परिचालक और अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं तथा रिजर्व बसों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। रोडवेज विभाग परेशानी नहीं आने देगा।

-नवीन कुमार, महाप्रबंधक, रोडवेज डिपो



## खबर संक्षेप

### सुंडाना की बेटी शनन ढाका बनीं लेफ्टिनेंट, गांव ने निकाली भव्य स्वागत यात्रा

रोहतक। गांव सुंडाना की बेटी शनन ढाका के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की प्रथम महिला बैच की राष्ट्रीय टॉपर शनन ढाका के पहली बार गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया और उनके सम्मान में करीब आधा किलोमीटर लंबी स्वागत यात्रा निकाली। शनन ढाका ने 13 जून को भारतीय सेना की एएससी (आर्मी सर्विस कॉर्प्स) कोर में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें एक किलोमीटर पहले ही स्वागत कर मोटरसाइकिलों, कारों और ट्रैक्टरों के काफिले के साथ गांव तक लाया। जुलूस में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल रहे। सभा स्थल पर सरपंच अंजू बाला ने शनन ढाका को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं गांव की तीन शिक्षित बेटियों ने उन्हें 21 हजार रुपये की नोटों की माला पहनाई। इस दौरान भावुक हुईं शनन ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए युवाओं, विशेषकर बेटियों को बड़े सपने देखने और उन्हें मेहनत से पूरा करने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने कहा कि शनन ढाका की उपलब्धि पूरे हरियाणा के लिए गर्व की बात है और उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीतिक और खेल जगत से जुड़े अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कन्हेली में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

## सड़क और सीवरेज नेटवर्क भी तोड़ा



रोहतक। अवैध निर्माणों को गिराते जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को कन्हेली गांव में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ अभियान चलाया। करीब 6.5 एकड़ क्षेत्र में बनाई जा रही कॉलोनी में चार चारदीवारी, आठ निर्माणाधीन नींव, पक्का सड़क नेटवर्क और सीवरेज नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान नगर योजनाकार विभाग की टीम और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन का कहना है कि नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों और अवैध निर्माणों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी भूखंड या कॉलोनी में निवेश करने से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें। बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों में निवेश करने से आर्थिक नुकसान की आशंका रहती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध कॉलोनियों को विकसित नहीं होने दिया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# डेंटल कॉलेज के रक्तदान शिविर में महिलाओं की बढ़ी भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक : कुलपति

■ रक्तदान और पौधरोपण दोनों ही जीवन बचाने वाले कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व डेंटल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनु राठी।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान और पौधरोपण दोनों ही जीवन बचाने वाले कार्य हैं। रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देता है, जबकि पौधरोपण आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित बनाता है। कार्यक्रम में महिला फैकल्टी, पीजी छात्राओं, इंटर्न और महिला कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। कुलपति डॉ. अग्रवाल ने महिला रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं और रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में उनकी सक्रिय भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। स्वस्थ महिलाएं भी सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकती हैं और इस संबंध में फैली भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता है। डेंटल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनु राठी ने बताया कि शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### नुक्कट नाटक व प्रदर्शनी से रक्तदान के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम के दौरान बीडीएस विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से रक्तदान व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। करो रक्तदान, पाओ पुण्य महान तथा एक पेड़ सौ पुत्र समान जैसे स्लोगन आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एमजी वशिष्ठ, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, डीएसडब्ल्यू डॉ. सविता सिंघल, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर अत्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अब कूड़ा न उठे तो घर बैठे एप कर करें शिकायत

निगम आयुक्त मैदान में उतरे सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार शुक्रवार को सेक्टर-1, सेक्टर-2 और दिल्ली रोड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केवल अधिकारियों को निर्देश देने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि सीधे लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का तरीका भी बताया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कई नागरिकों के मोबाइल फोन में स्वयं स्वच्छता ऐप डाउनलोड करवाई और इसके उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि घर से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा, सफाई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे या किसी सार्वजनिक स्थान पर गंदगी पड़ी है तो वे घर बैठे ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करें। शिकायत मिलते ही नगर निगम की टीम कार्रवाई करेगी और उसकी पूरी निगरानी भी की जाएगी। नरेंद्र कुमार ने कहा कि नगर निगम अब तकनीक के माध्यम से सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बना रहा है। स्वच्छता ऐप पर दर्ज शिकायतों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाती है, जिससे समस्या के समाधान में पारदर्शिता बनी रहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सफाई व्यवस्था में सहयोग करें।

### लापरवाही पर कार्रवाई



नरेंद्र कुमार

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सेक्टर-1, सेक्टर-2 और दिल्ली रोड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर क्षेत्र में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शहर को स्वच्छ बनाने में नागरिकों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। यदि लोग जागरूक होकर शिकायत दर्ज करेंगे तो सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाई जा सकेगी तथा समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित होगा।

## डीसी ने की समाधान शिविरों की समीक्षा, दिए निर्देश, एक सप्ताह में निपटाएं सभी शिकायतें

रोहतक। जिला प्रशासन इन दिनों शिकायत निवारण व्यवस्था को लेकर दोहरे दबाव में दिखाई दे रहा है। एक तरफ उपायुक्त सचिन गुप्ता अधिकारियों को समाधान शिविरों में लंबित और री-ओपन शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर निपटारा करने के निर्देश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री विंडो पर दर्ज शिकायतों के निपटारे में जिले का प्रदर्शन प्रदेश सरकार की नजर में काफी नीचे पाया गया है। सरकार की समीक्षा में रोहतक उन सात जिलों में शामिल रहा, जिनका समग्र स्कोर 70 से कम दर्ज किया गया। इसके बाद संबंधित उपायुक्तों से जवाब तलब किया गया और सुधार के निर्देश जारी किए गए। शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि वर्ष 2024-25 की सभी लंबित और दोबारा खोली गई शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर निपटारा सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी दोहराया गया कि सरकार नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर गंभीर है और हर शुक्रवार को समाधान शिविरों की शिकायतों की वर्चुअल समीक्षा की जा रही है। इसी बीच सामने आई मुख्यमंत्री विंडो की समीक्षा रिपोर्ट प्रशासनिक दावों की दूसरी तस्वीर भी दिखाती है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार गत 19 मई को मुख्यमंत्री विंडो की समीक्षा बैठक में रोहतक का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया। सिरसा, पानीपत, हांसी, अंबाला, जींद और सोनीपत के साथ रोहतक भी उन जिलों में शामिल रहा, जिनका शिकायत निपटारे का समग्र स्कोर 70 से नीचे रहा।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता



रोहतक। सिरतार संस्थान में प्राचार्य डॉ. एडी पासवान की अध्यक्षता में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पोस्टर निर्माण एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में जनभागीदारी बढ़ाना रहा। इस अवसर पर डॉ. पासवान ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज की प्रगति को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होना चाहिए।

## नीरज हत्याकांड में बसपा नेताओं ने परिजनों से की मुलाकात, कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल



*सांपला। ईस्माइला गांव में हुए नीरज हत्याकांड को लेकर बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने मृतक नीरज के आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। नेताओं ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी से कड़ी सजा की मांग की।बसपा नेताओं ने कहा कि एक दलित युवक की निर्मम हत्या होना बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। कई दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। इस अवसर पर बसपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर, प्रदेश महासचिव हेमचंद मेहरा, प्रदेश सचिव विनय बौद्ध, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूनम निगाना, रोहतक जिला अध्यक्ष हवा सिंह, झज्जर जिला अध्यक्ष सतबीर जाखोड़ा, रोहतक जिला उपाध्यक्ष सुरेश जांगड़ा, किलोई विधानसभा प्रभारी वजीर सिंह व अनिल पूनिया, विधानसभा अध्यक्ष राजपाल, विधानसभा उपाध्यक्ष गंगाराम, सुभाष राठी आदि मौजूद रहे।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

तैयारी — 279 मतदाता चुनेंगे नई कार्यकारिणी

# एमडीयू मडूटा चुनाव 2026: 1 व 2 जुलाई को नामांकन, 6 जुलाई को डाले जाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (मडूटा) के वर्ष 2026 के चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। मडूटा के प्रशासक-सह-रिटर्निंग अधिकारी प्रो. वजीर नेहरा (सेवानिवृत्त) और एआरओ व पूर्व अधीक्षक राधेश्याम ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। इस अधिसूचना के तहत अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी के आठ सदस्यों के चुनाव की तिथियों का ऐलान किया गया है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार आगामी 1 और 2 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मडूटा कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। इसके तुरंत बाद 2 जुलाई को ही दोपहर 3 बजे नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और उसी दिन शाम 4 बजे उम्मीदवारों की प्रारंभिक सूची प्रदर्शित कर दी जाएगी।

चुनावी शेड्यूल के मुताबिक, उम्मीदवार 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक अपने नामांकन वापस ले सकेंगे, जिसके बाद दोपहर 2 बजे अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। मडूटा के लिए मतदान 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। वहीं, एमडीयू सीपीएएस गुरुग्राम कैंपस में मतदान का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतदान प्रक्रिया पूरी तरह संपन्न होने के तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी और तत्पश्चात चुनाव परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी।

अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि केवल वही सदस्य मतदान करने और चुनाव लड़ने के पात्र होंगे, जिनके नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल हैं। प्रशासक-सह-रिटर्निंग अधिकारी प्रो. वजीर नेहरा ने बताया कि अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों का यह चुनाव प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत गुप्त मतदान के जरिए पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा।

### ये रहे अब तक प्रधान

डॉ. प्रेम सागर, डॉ. सुबीर गोस्वामी, डॉ. बी. एस. दहिया, डॉ. जीके केएआर, डॉ. शम्सुद्दीन, डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ. केवी सुब्बाराम, डॉ. एसके शर्मा, डॉ. एचघोष रॉय, डॉ. एसएस चाहल, डॉ. बीके नागला, डॉ. बाबू राम, डॉ. खजान सिंह, डॉ. बीके बेहरा, डॉ. एस के अरोड़ा, डॉ. जीत सिंह लाकरा, डॉ. वज़ीर सिंह नेहरा, डॉ. शमशेर सिंह, डॉ. सोमवीर राठी, डॉ. सुधा जैन, डॉ. राजिंदर चौधरी, डॉ. अजमेर सिंह काजल, डॉ. पी. के. जयवाल, डॉ. राज कुमार, डॉ. सुरेंद्र सिंह दहिया, डॉ. अश्वनी ढींगरा और डॉ. विकास सिवाच।

# भारत नेट उद्यमी योजना से क्षेत्रों में पहुंचेगी हाई स्पीड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने और हर घर तक वाईफाई सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित भारत नेट उद्यमी योजना विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। यह जानकारी बीएसएनएल रोहतक के महाप्रबंधक (जीएम) इसरार अहमद ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि भारत नेट उद्यमी योजना के तहत देशभर में लगभग डेढ़ करोड़ इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच डिजिटल अंतर को कम करना तथा गांवों में गुणवत्तापूर्ण इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराना है। जीएम इसरार अहमद ने बताया कि योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायत कार्यालयों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, चौपालों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अन्य सरकारी भवनों को वाईफाई इंटरनेट सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। रोहतक, जींद, सोनीपत, भिवानी, झज्जर और चरखी दादरी जिलों के सभी ब्लॉकों में इंटरनेट सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसरार अहमद ने कहा कि योजना के तहत उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर हाई स्पीड इंटरनेट और अधिक डेटा उपलब्ध कराया जा रहा है। वाईफाई कनेक्शन के माध्यम से घर के सभी मोबाइल फोन, स्मार्ट टीवी और अन्य इंटरनेट आधारित उपकरणों को जोड़ा जा सकता है।